THE *DEPUTY* MINISTER IN THE •TRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) and Ib) The fron is being collected and will be laid or\ the Table of the Sabha.

महिलाओं पर किए जाने वाले दहेज संबंधी अपराध

542. श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस आशय की सिफारिशें की हैं कि दहेज से संबंधित अपराधों को अक्षम्य अपराध घोषित कर दिया जाए और देश में महिलाओं पर किए जाने वाले दहेज संबंधी अपराध रोकने के लिए कदम उठाए जाएं और संबंधित कानूनों को लागू किया जाए ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष में देश के विभिन्न राज्यों से दहेज और दहेज संबंधी अत्याचारों के बारे में राष्ट्रीय महिला आयोग को कुल कितनी शिकायतें मिली हैं ;

(ग) क्या सरकार और राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस संबंध में अब तक कोई उपयुक्त कार्रवाई की है ; और

(घ) यदि नहीं, तो सरकार इस संबंध में कब तक कदम उठाने का विचार रखती है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला और बाल विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्रीमती वासव राजेश्वरी) : (क) जी, हां। राष्ट्रीय महिला आयोग ने दहेज अपराधों के विषय में सरकार को कुछ सिफारिशें की हैं ।

(ख) आयोग को विभिन्न राज्यों से प्राप्त ऐसी शिकायतों की कुल संख्या निम्नानुसार है :

वर्ष 1991–92 (30–1–92 से 31–3–92 तक)	2
वर्ष 1992–93	77
वर्ष 1993–94	51

(ग) आयोग स्वप्रेरणा से अथवा पीड़ित व्यक्तियों से शिकायतें प्राप्त होने पर ऐसे अपराधों की ओर ध्यान देता है, राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 10(1)(ङ) और (च) के अंतर्गत इन मामलों की जांच करता है तथा भारतीय दण्ड संहिता और आपराधिक प्रक्रिया संहिता के साथ पठित दहेज (निषेध) अधिनियम, 1961 के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई करने के लिए ऐसे मामलों को उपयुक्त प्राधिकारियों को भेजता है ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

इलाहाबाद में खेल-कूद केन्द्र

543. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा इलाहाबाद में एक खेल-कूद केन्द्र खोलने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है और इस योजना के संबंध में पूरा ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (युवा कार्य और खेल विभाग) में राज्य मंत्री (श्री मुकुल वासनिक) : : भारत सरकार के पास इलाहाबाद में खेल केन्द्र खोलने के लिए कोई प्रस्ताव नहीं है ।

Recommendations of Retired MPs for Admission in Kendriya Vidyalaya

544. SHRI SHIV CHARAN SINGH: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) wheher it is a fact that he has ordered grant of admissions under Special